Title: Requested to declare Chhattisgarh as a drought-affected State and also send relief and complete the irrigation projects in the State.

श्री पी.आर खूंटे (सारंगढ़) : अध्यक्ष महोदय, मैं सूखे की गम्भीर समस्या की ओर इस सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ के अनेक जिले विशेकर सारंगढ़ संसदीय क्षेत्र सूखे की चपेट में आ गया है। भादो माह चल रहा है और छत्तीसगढ़ जिसको भांड़ का कटोरा कहा गया है, वहां के किसान सूखे का सामना कर रहे हैं। पानी के अभाव में कोई भी कार्य नहीं हो पा रहा है। मध्य प्रदेश शासन इस विय पर चिन्तित नहीं है। वहां पर खेतिहर मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। हजारों की संख्या में वहां से पलायन शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश शासन को वहां बड़े पैमाने पर राहत कार्य खोलने चाहिए, लेकिन अभी तक मध्य प्रदेश सरकार ने इस दिशा में किसी भी प्रकार की पहल नहीं की है, जिससे वहां के चिंतित और दुखी किसानों को राहत मिल सके। वहां बिजली का भी संकट व्याप्त है, जिसके चलते विद्युत पम्प बन्द पड़े हुए हैं और किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पानी भी नहीं मिल रहा है।

इसलिए भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार से मेरा निवेदन है कि वहां बड़े पैमाने पर राहत कार्य खोले जायें, अधूरा सिंचाई की योजनाओं को पूरा किया जाए। इसके साथ छत्तीसगढ़ जिले को अकाल क्षेत्र घोति कर अकाल संहिता लागू की जाए।

श्रीमती सुशीला सरोज (मिसरिख) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान दिनांक 18 अगस्त, 2000 के दैनिक निपक्ष प्रतिदिन समाचार की तरफ आकृट करना चाहती हूं। .*

मान्यवर , * ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This will not go on record.

*(Interruptions)***

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।